कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया छ.ग.

(कार्यालय दूरभाष – 07836–232569 E-mail ID– dwcdkoria@gmail.com)

क्रमांक /319 /मबावि/नवा बिहान नियुक्ति/2016 बैकुण्ठपुर, दिनांक 24-05-2016

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
चिप्स रायपुर, छत्तीसगढ़

विषय :– **नवा बिहान योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय पद पर संरक्षण अधिकारी की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन ।**

———00———

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 नवा–बिहान योजना के अंतर्गता जिला स्तरीय पद संरक्षण अधिकारी(संविदा) भर्ती के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तरीय कार्यालय के लिए संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रसारित किए गये है । प्रसारित विज्ञापन का पीड़ी फार्मेट में सीडी संलग्न है । कृपया इसे छत्तीसगढ़ शासन http://cgstate.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ के पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास कोरिया छ.ग.

पृ0क्रमांक /320/मबावि/नवा बिहान नियुक्ति/2016 बैकुण्ठपुर, दिनांक 24-05-2016

प्रतिलिप :–

1. संचालक, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर को सादर सूचनार्थ ।
2. संचालक, संचालनालय जनसम्पर्क विभाग नया रायपुर छ0ग0 को प्रदेश बहुप्रसारित स्तरीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन करने का कष्ट करें ।
3. उपसंचालक, जिला जनसम्पर्क कार्यालय कोरिया को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी कोरिया(एनआईसी) कोरिया को सूचनार्थ एवं कोरिया के वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास कोरिया छ.ग.

कार्यालय, जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0)

–: विज्ञापन :–

नवा –बिहान योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय पद संरक्षण अधिकारी की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 केन्द्रीय अधिनियम है तथा इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों पर है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी प्रावधानों के अनुसार सुविधा एवं सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "नवा–बिहान" योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त योजना के अन्तर्गत संविदा पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से दिनांक 20.06.2016 तक आवेदन आमंत्रित हैं। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार हैं–

क्र0	पदनाम	पद संख्या	संविदा वेतन	चयन प्रकिया
1	घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण– संरक्षण अधिकारी (केवल महिलाओं के लिए)	1 अनारक्षित	29400.00 / प्रति माह	संविदा
	संरक्षण अधिकारी पद हेतु केवल महिलाओं के लिए आरक्षित है।			

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता निम्नानुसार होगी :–

पदनाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य कौशल	अनिवार्य अनुभव	वांछनीय योग्यता
संरक्षण अधिकारी	विधि स्नातक / एम.एस. डब्ल्यू.	कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	विधि स्नातक को न्यूत्तम 5 वर्ष तक बार में पंजीकृत होकर नियमित प्रेक्टिस का अनुभव होना चाहिए। एमएसडब्ल्यू को शासकीय / अर्द्धशासकीय अथवा शासन द्वारा अनुदान प्राप्त संस्थान में महिला कल्याण, देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान ।

आवेदन प्रपत्र WWW.KOREA.CG.GOV.IN वेबसाईट पर उलब्ध है :–

आवेदन प्रपत्र संबंधित जिले के जिला कार्यकम अधिकारी / जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ,महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कोरिया के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है । निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें –

1. आवेदन पत्र जिला के जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया,छ0ग0 को प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.06.2016 है ।

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 1 वर्ष के लिए होगी । तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी ।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में राज्य के वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है । संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है ।
4. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2016 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए । अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगी ।
5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है । सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे ।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा । निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए ।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे । आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए ।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।
9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा । प्रेक्टिसिंग लायर को बार काउंसिल का प्रमाण पत्र तथा सुसंगत दस्तावेज व अनुभव का प्रमाण संलग्न करना होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे । उपरोक्त उल्लेखित योग्यता न रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें ।
11. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है । लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आव यक रूप से होना चाहिए ।
12. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा ।
13. प्रेक्टीसिंग लॉयर का संरक्षण अधिकारी के पद पर चयन होने की दशा में उसे वकालत/प्रेक्टीस करने की अनुमति नहीं होगी।
14. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 5 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।
15. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

पदनाम	चयन प्रकिया
संरक्षण अधिकारी	1 वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक। 2 न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्श के अनुभव के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अधिकतम 20 अंक तथा 3 लिखित परीक्षा/समुह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 30 अंक निर्धारित रहेंगे।

15. प्राप्त आवेदनों के संबंध में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।
16. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं कोरिया के वेबसाईट WWW.KOREA.CG.GOV.IN पर देखी जा सकती है ।
17. आवेदक का आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.06.2016 को सायं 05:00 बजे तक संबंधित कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए । इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया(छ.ग.)

आवेदन पत्र का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों सील एवं हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें ।

प्रति,

जिला कार्यकम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला कोरिया (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....
   (अंग्रेजी में) :– .....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. स्थायी पता :– .....
   :– .....
5. पत्र व्यवहार का पता :– .....
   :– ..... मो.न. .....
6. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....
   (शब्दों में) :– .....
7. दिनांक 01/01/2016 को आयु :– .....
8. लिंग पुरूष/महिला :– .....
9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व./सामान्य) जाति ..... वर्ग .....
10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ?:– .....
11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्तता :– .....
12. यदि आप विवाहित है,तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– .....
13. शैक्षणिक योग्यता :– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क्र	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/संस्था का नाम	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी

14. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

संस्था का नाम	पद नाम	अनुभव का विवरण कब से कब तक	वेतन एवं पद छोड़ने का कारण

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में सलग्न कर सकते है ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यकता होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्क्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण :–

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....
5. ..... 6 .....

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

–:: घोषणा पत्र ::–

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

स्थान – .....

दिनांक – .....